विज्ञापन और दृश्य प्रचार निदेशालय

(सूचना और प्रसारण मंत्रालय)

एस्थर कार
महानिदेशक

आग्रह

प्रिय मित्रो,

आप सभी को हिंदी माह-2017 की हार्दिक शुभकामनाएं।

जैसाकि हम सभी जानते हैं कि भारत एक विशाल लोकतांत्रिक देश है। यहां विभिन्न भाषाओं एवं संस्कृतियों का संगम है। हिंदी ने संपर्क भाषा के रूप में राष्ट्र को एक सूत्र में बांधने की भूमिका निभाई है। हिंदी एक सरल, समृद्ध, सुग्राह्य और सशक्त भाषा है। संविधान निर्माताओं ने इन्हीं बातों को ध्यान में रखते हुए 14 सितंबर, 1949 को हिंदी को संघ की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया था। तब से केंद्र सरकार के कार्यालयों में प्रतिवर्ष 14 सितंबर को हिंदी दिवस के रूप में मनाया जाता है।

यह बड़े हर्ष का विषय है कि निदेशालय में इस वर्ष भी हिंदी माह का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताएं अर्थात् कविता पाठ प्रतियोगिता, हिंदी श्रुतलेख, हिंदी निबंध, हिंदी टिप्पण एवं प्रारूप लेखन, विशुद्ध हिंदी वाक्य संरचना प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी, आशु-भाषण प्रतियोगिता, हिंदी पुस्तक अध्ययन प्रतियोगिता तथा एम.टी.एस. की सामान्य हिंदी ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित की जा रही हैं। आप सभी इन प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़ कर भाग लें तथा इस आयोजन को सफल बनाने में अपना सहयोग प्रदान करें।

राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा प्रत्येक वर्ष संघ का राजकीय कार्य करने के लिए एक वार्षिक कार्यक्रम जारी किया जाता है। इसी के अनुपालन में निदेशालय संघ की राजभाषा नीति के कार्यान्वयन एवं प्रचार-प्रसार के लिए प्रतिबद्ध है। इस कार्यक्रम में उल्लिखित विभिन्न बिंदुओं के लक्ष्यों को शत-प्रतिशत प्राप्त करने का प्रयास करें।

मैं कार्यालय के प्रशासनिक प्रधान के दायित्व का निर्वहन करते हुए सभी कार्मिकों से आग्रह करती हूं कि राजभाषा अधिनियम, नियमों, आदेशों, राजभाषा संकल्प, महामहिम राष्ट्रपति के आदेश, संसदीय राजभाषा समिति की सिफारिशों पर पारित आदेश तथा राजभाषा विभाग द्वारा जारी निदेशों का पालन सुनिश्चित करें। यह हम सभी का संवैधानिक दायित्व है कि हम अधिक से अधिक सरकारी कामकाज संघ की राजभाषा हिंदी में करें।

आइए, आज हम संकल्प लेते हैं कि हिंदी बोलेंगे और हिंदी में काम करेंगे।

जय हिंद, जय हिंदी।

एस्थर कार

(एस्थर कार)

नई दिल्ली
दिनांक : 01 सितंबर, 2017